Ei CARES

Hindi

# QUESTION PAPER

Maximum Marks:30

## PERIODIC TEST

| CLASS | SECTION | EXAM CODE |
|---|---|---|
| 8 | ROSE | 4202561 |
| 8 | TULIP | 4202541 |

SCHOOL

Him Academy Public School - Hira Nagar

1. There are 27 questions in this paper. 25 of these are with options and 2 are without options. All are compulsory.
2. The questions with options carry 1 mark each. The marks for questions without options have been mentioned beside it.
3. Please check your answers carefully before submitting the test. Once submitted, the answers cannot be changed.

## SECTION A READING COMPREHENSION

निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

एक बेटी ने अपने पिता से शिकायत की कि उसका जीवन दयनीय है। एक समस्या हल होती नहीं कि दूसरी आ जाती है। उसका पिता एक रसोइया था। पिताजी उसे रसोईघर में ले आए। उन्होंने तीन मटकों में पानी भरकर उन्हें तेज़ आग पर रख दिया। जब तीनों बर्तनों में रखा पानी उबलने लगा तो उन्होंने एक में आलू, दूसरे में अंडे और तीसरे में कॉफ़ी के बीज डाले। बेटी सोच रही थी कि पिताजी क्या कर रहे हैं! बीस मिनट के बाद उन्होंने बर्नर बंद कर दिए। आलू और अंडों को कटोरों में तथा कॉफ़ी को कप में डाल दिया।
उन्होंने बेटी से पूछा, "तुमने क्या देखा?" "आलू, अंडे और कॉफ़ी," उसने झट से जवाब दिया। पिताजी ने कहा, "आलू को छुओ।" वे नरम थे। अब अंडे को तोड़ने के लिए कहा। अंडे के खोल को हटाने के बाद वे कठोर हो चुके थे। अब कॉफ़ी पीने के लिए कहा, जिसकी महक से उसका चेहरा खिल गया।
पिताजी ने समझाया कि आलू, अंडे और कॉफ़ी की फलियों ने एक-सी स्थिति का सामना किया था- उबलता पानी। तीनों की प्रतिक्रिया अलग रहीं। उबलते पानी में सख्त आलू नरम हो गए; नाज़ुक अंडे सख्त हो गए; कॉफ़ी के बीन्स ने पानी को बदलकर कुछ नया बनाया। उन्होंने अपनी बेटी से पूछा, "इनमें से तुम कौन हो? जब विपत्ति आती है तो तुम इन तीनों में से किसकी तरह प्रतिक्रिया दोगी?"
स्रोत (संपादित)- 'आलू, अंडा या कॉफ़ी' - Short Motivational Story In Hindi - Hindi Success Stories

Q: 1 बेटी के दुख का कारण __________ थी।

1 कॉफ़ी की खुशबू
2 पिता की व्यस्तता
3 शिकायती स्वभाव की प्रवृत्ति
4 निरंतर आने वाली समस्याएँ

Q: 2 गरम पानी में उबलने के कारण तीनों वस्तुओं की स्थिति बदलना उनकी __________ है।

1 रुचि
2 प्रकृति
3 जिज्ञासा
4 विवशता

Q: 3 "इनमें से तुम कौन हो?"

पिताजी के इस सवाल का क्या तात्पर्य था?

1 बेटी द्वारा पिता का मूल्यांकन करना
2 बेटी से जीवन में उसके पसंदीदा खाने के बारे में पूछना
3 बेटी को आलू, अंडे और कॉफ़ी पसंद है या नहीं, यह जानना
4 बेटी से यह पूछना कि वह विपरीत परिस्थितियों में कैसी प्रतिक्रिया देगी

Q: 4 श्रेयांश ने जीवन में आई कठिनाइयों का हिम्मत से सामना करके सबके लिए उदाहरण प्रस्तुत किया है।

उसने ____________ के स्वभाव को अपनाया।

1 अंडे 2 आलू 3 कॉफ़ी 4 लड़की

Q: 5 उबलते पानी में आलू का नरम हो जाना क्या दर्शाता है?

1 कठिन परिस्थितियों में हार मान लेना
2 परिस्थितियों के अनुसार ढल जाना
3 परिस्थितियों से मज़बूत होना
4 जीवन में हमेशा सख्त रहना

End of Passage Related Questions

## SECTION B MCQ

Q: 6 कक्षा में कोई शोर नहीं मचाएगा।

रेखांकित शब्द कौन-सा सर्वनाम है?

1 प्रश्नवाचक
2 संबंधवाचक
3 निश्चयवाचक
4 अनिश्चयवाचक

Q: 7 मोहित ने _____ बहुत समझाया।

पुरुषवाचक सर्वनाम द्वारा रिक्त-स्थान की पूर्ति कीजिए।

1 मुझको 2 इसको 3 जिसको 4 किसी को

Q: 8 तुम्हारी मदद __________ की?

रिक्त स्थान के लिए उचित सर्वनाम शब्द चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 किसने 2 उसने 3 तुमने 4 हमने

Q: 9 यह वही छात्र है, ____________ सम्मानित किया गया है।

संबंधवाचक सर्वनाम से वाक्य पूरा कीजिए।

1 उसे 2 जिसे 3 उसको 4 किसको

Q: 10 निम्नलिखित में से कौन-सी भाववाचक संज्ञा नहीं है?

1 समाज 2 बचपन 3 भाईचारा 4 अध्यापन

Q: 11 यह पुस्तक बहुत अच्छी है, तुम भी पढ़ना।

उपर्युक्त वाक्य में निश्चयवाचक सर्वनाम कौन-सा है?

1 यह 2 बहुत 3 अच्छी 4 तुम

Q: 12 <u>पुस्तकालय</u> ज्ञान का महाद्वार होते हैं।

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित शब्द कौन-सी संज्ञा है?

1 भाववाचक संज्ञा 2 द्रव्यवाचक संज्ञा
3 जातिवाचक संज्ञा 4 व्यक्तिवाचक संज्ञा

Q: 13 भारतीय किसान मेहनत से घबराते नहीं हैं।

उपर्युक्त वाक्य में जातिवाचक संज्ञा पहचानिए।

1 भारतीय 2 किसान 3 मेहनत 4 घबराते

Q: 14 श्रेया- "प्रीति, सोमवार को मेरी पुस्तक ले आना।"

इस वाक्य में कितनी व्यक्तिवाचक संज्ञाएँ हैं?

1 एक 2 दो 3 तीन 4 चार

Q: 15 निम्नलिखित में से किस वाक्य में रेखांकित शब्द भाववाचक संज्ञा है?

1 उसकी <u>कठोरता</u> के कारण सब उससे दूर रहते हैं।
2 बगीचे में पीले रंग की एक <u>सुंदर</u> चिड़िया है।
3 वह लड़की बहुत चुस्त और <u>परिश्रमी</u> है।
4 उसे यह कार्य बहुत <u>कठिन</u> लग रहा है।

Q: 16 गुणवाचक विशेषण की पहचान कैसे होती है?

1 गुण-दोष, आकार-प्रकार से 2 किसी परसर्ग के जुड़ने से
3 माप-तौल के संकेत से 4 संख्या के संकेत से

Q: 17 हम ____________ जानते हैं।

रिक्त स्थान के लिए संख्यावाचक विशेषण चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 आपको 2 थोड़ा-सा 3 थोड़ा-बहुत 4 हर एक को

Q: 18 तुम्हारे पास <u>थोड़े</u> चावल हैं?

उपर्युक्त वाक्य में रेखांकित विशेषण का भेद पहचानिए।

1 निश्चित संख्यावाचक
2 निश्चित परिमाणवाचक
3 अनिश्चित संख्यावाचक
4 अनिश्चित परिमाणवाचक

Q: 19 निम्नलिखित में से कौन-से वाक्य में परिमाणवाचक विशेषण <u>नहीं</u> है?

1 मुझे थोड़ा पानी दे दो।
2 पाँच किलो टमाटर ले आओ।
3 बाज़ार से एक किलो दूध लाओ।
4 दो लड़के साइकिल चला रहे हैं।

Q: 20 आज घर पर कोई नौकर नहीं आया है।

इस वाक्य में से सार्वनामिक विशेषण पहचानिए।

1 आज
2 घर
3 कोई
4 नौकर

Q: 21 (क) बकरी घास खाती है।
(ख) सचिवालय शहर में है।
(ग) राम गेंद खेलता है।
(घ) राम कविता लिखता है।

अकर्मक क्रिया के वाक्य वाला सही विकल्प पहचानिए।

1 केवल क
2 केवल ख
3 केवल ग और घ
4 केवल क और ख

Q: 22 विनय ने राजीव को काव्य संग्रह दिया।

यह द्विकर्मक क्रिया वाला वाक्य है क्योंकि इसमें ____________________।

1 'को' कारक चिह्न का प्रयोग हुआ है
2 'राजीव' और 'काव्य संग्रह' कर्म हैं
3 'दिया' क्रिया है
4 'विनय' कर्ता है

Q: 23 गीतिका अपनी बहन से __________ है।

रिक्त स्थान के लिए प्रेरणार्थक क्रिया वाला विकल्प चुनकर वाक्य पूरा कीजिए।

1 दूर रही
2 साइकिल ली
3 हिंदी पढ़वाती
4 बात नहीं करती

Q: 24 जब मैंने रमन को देखा, तब वह ___________रहा था।

वाक्य को सकर्मक क्रिया बनाने हेतु सही विकल्प पहचानिए।

1 कुछ सोच 2 खाना खा 3 धीरे चल 4 तेज़ हँस

Q: 25 इसमें से सकर्मक क्रिया वाला वाक्य पहचानिए।

1 शीला ने अखबार पढ़ा।
2 शीला ज़ोर से हँसती है।
3 शीला सीधा बैठती है।
4 शीला चलती है।

## SECTION C PARAGRAPH WRITING

Q: 26 कल्पना कीजिए कि आप वैज्ञानिक हैं। दैनिक जीवन को और सुगम बनाने के लिए आप किस वस्तु का आविष्कार करना चाहेंगे और क्यों? अपने विचार व्यक्त करते हुए 40-50 शब्दों में एक अनुच्छेद लिखिए। [2]

## SECTION D LETTER WRITING

Q: 27 स्कूल के पुस्तकालय में हिंदी की कुछ और पुस्तकें मँगवाने के लिए प्रधानाचार्य को 50-60 शब्दों में पत्र लिखिए। [3]

End of Questions in Paper

**This page has no questions and is left blank intentionally.**

**This page has no questions and is left blank intentionally.**